# भारत पर FATF की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट

**प्रारंभिक परीक्षा:**

**वित्तीय कार्रवाई कार्य बल**, **रत्न और आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद**, **जन धन-आधार-मोबाइल (JAM) पहल**, **वस्तु एवं सेवा कर**, **राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण**, **इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट**, **प्रवर्तन निदेशालय**

**मुख्य परीक्षा:**

अवैध वित्त, धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में भारत की प्रगति

**स्रोत: पीआईबी**

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) ने** भारत पर अपनी **पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट** जारी की, जिसमें अवैध वित्त से निपटने में देश की महत्त्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डाला गया।

- **नोट: जून 2024 में सिंगापुर में आयोजित FATF प्लेनरी ने** भारत **के लिये पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को** अपनाया, जिसमें कहा गया कि उसने वैश्विक धन शोधन निगरानी संस्था की आवश्यकताओं के साथ **"उच्च स्तर का तकनीकी अनुपालन" हासिल किया है।**
- FATF ने भारत को **"नियमित अनुवर्त्ती" श्रेणी में रखा है, जो FATF द्वारा दी गई सर्वोच्च रेटिंग श्रेणी है** और इस प्रकार यह दर्जा प्राप्त करने वाला भारत **संघीय ढाँचे** वाला एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया।
- भारत के अतिरिक्त ब्रिटेन, फ्राँस और इटली ही ऐसे **जी-20 देश हैं जिन्हें इस श्रेणी में रखा गया है।**

## भारत पर FATF पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट की मुख्य बातें क्या हैं?

- **सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्र:** भारत तीन क्षेत्रों में आंशिक रूप से अनुपालन करता पाया गया।
  - **गैर-लाभकारी संगठन (NPO): धर्मार्थ संगठनों के रूप में पंजीकृत और** कर **छूट का लाभ उठाने वाले NPO** आतंकवादी वित्तपोषण **के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं।**
  - इन संगठनों से संबंधित जोखिमों से निपटने के लिये प्रणाली को बेहतर उपायों की आवश्यकता है।
- **राजनीतिक पकड़ वाले लोग (PEP):** घरेलू PEP के लिये धन के स्रोत, धन के स्रोत और लाभकारी स्वामित्व के बारे में अस्पष्टता मौजूद हैं। सरकार को इन अस्पष्टताओं को दूर करने की आवश्यकता है।
- **नामित गैर-वित्तीय व्यवसायों और पेशा (DNFBP):** DNFBP के विनियमन और पर्यवेक्षण में खामियाँ मौजूद हैं, विशेष रूप से धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के संबंध में।
  - DNFBP **भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं, जिसमें बहुमूल्य धातुओं और पत्थरों का योगदान 7% तथा रियल एस्टेट का योगदान 5% है।
- **धन शोधन संबंधी जोखिम:** भारत में अवैध गतिविधियाँ **धन शोधन संबंधी जोखिम के प्राथमिक स्रोत हैं**, जिसमें धोखाधड़ी, **साइबर धोखाधड़ी**, **भ्रष्टाचार** और **मादक पदार्थों की तस्करी शामिल हैं।**
- **PMS मनी लॉन्ड्रिंग के प्रति संवेदनशील:** बहुमूल्य धातुओं और पत्थरों (PMS) का उपयोग स्वामित्व का कोई निशान छोड़े बिना **बड़ी मात्रा में धन हस्तांतरित करने के लिये किया जा सकता है।**
- **भारत के PMS बाज़ार का आकार मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण के प्रति इसकी संवेदनशीलता में योगदान देता है। इस क्षेत्र में लगभग 1,75,000 डीलर शामिल हैं, लेकिन केवल 9,500 ही** रत्न और आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (GJEPC) **के साथ पंजीकृत हैं।**
  - FATF की रिपोर्ट में कहा गया है कि **PMS क्षेत्र में सीमा पार से संचालित आपराधिक नेटवर्क की** कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा न्यूनतम जाँच की जा सकती है।
  - परिष्कृत हीरे और रत्नों के एक प्रमुख उपभोक्ता और उत्पादक के रूप में भारत की वैश्विक भूमिका को देखते हुए, धन शोधन संबंधी गतिविधियों को रोकने के लिये **धोखाधड़ी और तस्करी तकनीकों पर निरंतर निगरानी रखने की आवश्यकता है।**
- सोने और हीरे की तस्करी से संबंधित ML/TF जोखिमों पर **बेहतर जोखिम की समझ और गहन गुणात्मक और मात्रात्मक डेटा** की आवश्यकता

है।

- **आतंकवादी वित्तिपोषण का संकट:** भारत को गंभीर आतंकवादी संकटों का सामना करना पड़ रहा है, वशिष रूप से**इस्लामकि स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (ISIL) और अल-कायदा** से संबंधति समूहों से, जो जम्मू एवं कश्मीर में और उसके आसपास सक्रयि हैं।
  - **पूर्वोत्तर में क्षेत्रीय वद्रिोह** और **वामपंथी उग्रवादी समूह** भी आतंकवाद का संकट उत्पन्न करते हैं।
  - यद्यपि देश **आतंकवादी वित्तिपोषण की रोकथाम और उसे बाधति करने पर बल देता है, फरि भी** अभियोजन को समाप्त करने और आतंकवादी वित्तिपोषणकर्त्ताओं को दोषी ठहराने के लयि और अधकि प्रयास की आवश्यकता है।
- **वित्तीय समावेशन: भारत ने वित्तीय समावेशन को काफी हद तक बढ़ाया है, बैंक खाताधारकों की संख्या में** तीव्र वृद्धि हुई है और डजिटिल भुगतान प्रणालयिों के उपयोग में वृद्धि हुई है।
  - छोटे खातों के लयि सरलीकृत प्रक्रयि से वित्तीय पारदर्शति को बढ़ावा मलिा है जसिने AML/CFT के प्रयासों में योगदान दयिा है।
  - डजिटिल भुगतान को बढ़ावा देने के लयि **जन धन-आधार-मोबाइल (JAM) पहल की** सराहना की गई।
  - **आपूर्ति शृंखला पारदर्शति बढ़ाने के लयि वस्तु एवं सेवा कर (GST)** , ई-चालान और ई-बलि के कार्यान्वयन की सराहना की गई ।

- **आतंकवाद के वित्तिपोषण के वरिुद्ध कार्रवाई:** **राष्ट्रीय अन्वेषण अभकिरण (NIA)** **और** **प्रवर्तन नदिशालय** द्वारा आतंकवाद के वित्तिपोषण के वरिुद्ध प्रभावी कार्रवाई की सराहना की गई।
- **FATF की सफिारशिें:**
  - **लंबति मुकदमे: भारत को लंबति धन शोधन** के मुकदमों को शीघ्र नपिटाने तथा **मानव तस्करी** और मादक पदार्थों से संबंधति अपराधों से नपिटने की अपनी प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है।
- **लक्षति वित्तीय प्रतबिंध:** भारत को बनिा कसिी वलिंब के धन और परसिंपत्तयिों को फ्रीज करने के लयि अपने ढाँचे में सुधार करना चाहयि तथा प्रतबिंधों के संबंध में संचार को सुव्यवस्थति करना चाहयि।
- **घरेलू PEP: भारत को अपने धन शोधन वरिोधी कानूनों के तहत घरेलू PEP को परभिाषति करने और उनके लयि जोखमि-आधारति उन्नत उपायों को लागू करने की आवश्यकता है।**

## भारत के लयि FATF के पारस्परकि मूल्यांकन के क्या नहितिार्थ हैं?

- **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और परसिंपत्ति वसूली: FATF से भारत को मलिी मान्यता से वजिय माल्या और नीरव मोदी** जैसे **भगोड़े आर्थकि अपराधयिों** से संबंधति **अवैध परसिंपत्तयिों का पता लगाने और वसूली** में अन्य देशों के साथ सहयोग करने की इसकी क्षमता में वृद्धि होती है।
- **वैश्वकि वित्तीय नगिरानी संस्थाओं के साथ बेहतर सहयोग से आतंकवाद के वित्तिपोषण वरिोधी प्रयासों में सहायता मलिती है।**
- वैश्वकि वित्तीय प्रणालयिों तक बेहतर पहुँच: FATF रेटगि से वैश्वकि वित्तीय बाज़ारों तक भारत की पहुँच में सुधार होगा, जसिसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से ऋण लेना और नविश करना आसान हो जाएगा।
- यह मान्यता भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) के वैश्वकि वसि्तार का समर्थन करती है,जसिसे यह सीमा पार डजिटिल भुगतान के लयि पसंदीदा वकिल्प बन जाता है।
- **नविशकों का वश्विास सुदृढ़ करना:** सकारात्मक मूल्यांकन **भारत की वश्विसनीयता बढ़ाता है** और वित्तीय बाज़ारों में **वदिेशी नविशकों का वश्विास बढ़ाता है, जसिसे भारत** **प्रत्यक्ष वदिेशी नविश (FDI)** के लयि अधकि आकर्षक गंतव्य बन जाता है।

//

Drishti The Vision




## निष्कर्ष

FATF की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट अवैध वित्त के विरुद्ध संघर्ष में भारत के लिये एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है।**धन शोधन विरोधी और आतंकवाद विरोधी वित्तपोषण में अग्रणी के रूप में मान्यता अन्य देशों के लिये एक बेंचमार्क स्थापित करती है** , जबकि NPO और PEP जैसे क्षेत्रों में निरंतर सुधार की आवश्यकता महत्त्वपूर्ण बनी हुई है। यह मूल्यांकन भारत को भविष्य के आर्थिक विकास और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिये अनुकूल स्थिति में रखता है।

**और पढ़ें:** [भारत पर FATF की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट]

***??????? ?????? ???????:***

**प्रश्न:** भारत की वित्तीय अखंडता हेतु FATF पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट के महत्त्व और भारत पर इसके प्रभावों पर चर्चा कीजिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न (PYQs)

**Q. चर्चा कीजिये कि किस प्रकार उभरती प्रौद्योगिकियाँ और वैश्वीकरण मनी लॉन्ड्रिंग में योगदान करते हैं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर मनी लॉन्ड्रिंग की समस्या से निपटने के लिये किये जाने वाले उपायों को विस्तार से समझाइये। (2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/fatf-mutual-evaluation-report-on-india